हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 26.5 डिग्री

11 तीसरी मेरिट लिस्ट में नाम मात्र के नाम, कैसे भरेंगी खाली सीटें



12 पुलिस के साए में बिक रहा यूरिया व डीएपी, किसानों की मंडी में लंबी कतारें



# आज सुबह 4:15 बजे से जलाभिषेक, सजे मंदिर, शिवमय हुआ सोनीपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिवभक्ति और आस्था से सराबोर सोनीपत में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। बुधवार को पड़ रही शिवरात्रि के लिए जिलेभर के मंदिरों में भव्य सजावट की गई है। जगह-जगह शिवालयों को रंग-बिरंगी रोशनी, फूल-मालाओं और धार्मिक झंडों से सजाया गया है। शिवभक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों और प्रशासन ने मिलकर विशेष तैयारियां की हैं। सोनीपत इस समय पूरी तरह शिवमय हो गया है।

मंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ वातावरण भक्तिरस से सराबोर है। इस बार शिवरात्रि पर शिव पूजन और जलाभिषेक का शुभ मुहूर्त सुबह 4:15 बजे से शुरू होगा, जोकि 4:56 तक रहेगा। इसके बाद 8 बजकर 32 मिनट से 10 बजकर 2 मिनट तक, शाम के पहर में 7:26 से 10:06 तक, रात को 12:46 तक, रात 12.46 से सुबह 3.27 तक तक भी शिवलिंग के अभिषेक का शुभ मुहूर्त रहेगा।

इस अवधि में भगवान शिव को जल, बेलपत्र, धतूरा, भांग और अक्षत अर्पित करना अत्यंत फलदायी माना गया है। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में लंबी कतारों में लगकर अभिषेक की तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे व्यवस्था बनाए रखें, धैर्य से दर्शन करें और बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। कांवड़ मार्गों पर स्थानीय लोग भी कांवड़ियों के लिए जगह-जगह जल सेवा व विश्राम शिविरों के माध्यम से पुण्य कमा रहे हैं।

◆ सुचारु ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात, मंदिरों के पास बैरीकेड्स व अस्थाई पार्किंग



नरेंद्र नगर का शिव मंदिर

### रात्रि जागरण व भजन संध्या का आयोजन

शिवरात्रि की रात जिले के प्रमुख मंदिरों में रात्रि जागरण और भजन संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। भजन मंडलियों के साथ-साथ बाहर से आए कलाकार भी शिव महिमा का गुणगान करेंगे। कई मंदिरों में रातभर भगवान शिव की बारह ज्योतिर्लिंगों की झांकी भी सजाई जाएगी।

### गंगाजल लेकर अपने अपने धामों में पहुंचे हजारों कावंड़िये

महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले में अलग-अलग हिस्सों से गंगाजल लेकर हजारों कांवड़िए पहुंचे हैं। गोहाना रोड स्थित बाबा धाम, मॉडल टाउन का शिव मंदिर, सुभाष चौक का प्राचीन शिवालय, साथ ही खरखौदा, गन्नौर, मुरथल, राई व गोहाना के ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में मंगलवार को भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में जलाभिषेक के लिए विशेष काउंटर, लाइन व्यवस्था, पेयजल, पंखे, चिकित्सा सहायता और भंडारे की व्यवस्था की गई है।

### प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

शिवरात्रि पर भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक व भीड़ प्रबंधन के लिए चप्पे-चप्पे पर जवान तैनात किए हैं। मंदिरों के आसपास बैरिकेडिंग की गई है और वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए अस्थायी पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है। नगर निगम की ओर से सफाई व्यवस्था, शौचालय और जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। निगरानी व सुरक्षा के लिए स्पेशल टीमों का गठन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### हमलावर युवकों ने तीन युवकों को पीटा, केस

**खरखौदा।** गोपालपुर मार्ग पर हमलावर युवकों के समूह ने तीन युवकों को लकड़ी के बिट्टे पीट कर घायल कर दिया। रोहणा निवासी करमजीत ने बताया कि वह टूर एंड ट्रैवल का काम करता है। गोपालपुर मार्ग पर उसका कार्यालय है। वह अपने साथी गौरव और राहुल के साथ कार्यालय में बैठा हुआ था। उसी समय खांडा निवासी दिनेश व प्रिंस उसके पास आए व एक बाइक की चपेट में आने से कुत्ता घायल होने व इलाज करवाने की बात कही। जब गोपालपुर चौक पर पहुंचा तो उन्होंने घायल कुत्ते के बारे में पूछा। वहां पर उनका साथी अमन व लगभग 6 युवक अपने हाथ में लकड़ी के बिटे लिए हुए थे। उन सभी युवकों ने उन तीनों को पीटना शुरू कर दिया। वह किसी प्रकार वहां से भागने में सफल रहा। जब वह उनसे पीछा छुड़ाकर भागा तो उनके एक साथी ने उस पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी के साथ छेड़छाड़ व धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** बहालगढ़ पुलिस के पास किशोरी से छेड़छाड़ करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। किशोरी की मां की शिकायत पुलिस ने गाजियाबाद की संबंधित पुलिस को भेज दी। महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ उसके जानकार ने छेड़छाड़ की। पूछताछ में उसकी बेटी ने बताया कि वर्ष 2018 में भी उसके साथ आरोपित ने छेड़छाड़ की थी। इस संबंध में उसने परिजनों ने अवगत करवाया। उसके बाद बहालगढ़ थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार वारदात स्थल गाजियाबाद थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने इस संबंध में जीरो एफआईआर दर्ज कर गाजियाबाद थाना पुलिस को भेज दी।





आदर्श नगर



सेक्टर 14

### मौसम विभाग ने दी 25 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी

# सुबह और शाम को उमस ने किया परेशान, दोपहर में बारिश से राहत

करीब दो घंटे हुई बारिश पहले तेज व फिर चली बूंदाबांदी किसानों और आमजनों के लिए मौसम विभाग की एडवाइजरी, किसान फसलों में न डालें उर्वरक व कीटनाशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मंगलवार को सोनीपत जिले में मानसून सक्रिय रहा। कहीं तेज बारिश हुई तो कहीं हल्की बूंदाबांदी से मौसम सुहावना हो गया। दिनभर बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर बाद हुई बारिश के बाद जैसे ही पानी थमा, उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। नमी के कारण कई लोग खुले में निकलने से कतराते नजर आए। हालांकि उमस सुबह के समय भी थी, लेकिन इतनी अधिक नहीं थी, जितनी शाम को हुई। वहीं बारिश की वजह से जगह जगह जलभराव हुआ। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषतौर पर वाहन चालकों को दिक्कतें उठानी पड़ी।

दूसरी ओर मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर समेत सोनीपत जिले में 25 जुलाई तक भारी बरसात की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे फसलों की सिंचाई, उर्वरक या रासायनिक छिड़काव फिलहाल टालें और खेतों से अतिरिक्त जल निकासी की उचित व्यवस्था रखें। कपास, धान, मक्का, गन्ना, खीरा, आम, लीची और हरे चारे की फसलों में अधिक नमी नुकसान पहुंचा सकती है।



सोनीपत। बारिश के बीच भागते स्कूली बच्चे। *फोटो : हरिभूमि।*



सोनीपत। सेक्टर 14 में बारिश के बीच आवागमन करते वाहन।

### शहर में जलभराव, वाहन चालक परेशान

बारिश के कारण सोनीपत के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी रही। सबसे ज्यादा परेशानी सूरी पेट्रोल पंप वाली गली, ककरोई चौक और गीता भवन चौक क्षेत्र में देखने को मिली। वहीं पॉश कॉलोनियों जैसे मॉडल टाउन, सेक्टर 14 और सेक्टर 15 में भी सड़कों पर पानी भर गया। जलभराव के चलते राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह दोपहिया वाहन बंद हो गए, जबकि कुछ कार चालक पानी में फंसे नजर आए। जलभराव के कारण ट्रैफिक भी प्रभावित रहा और लोगों को ऑफिस, स्कूल व बाजार पहुंचने में देरी हुई। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम से जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

### शिवरात्रि पर भी मौसम रहेगा सुहावना

जगदीशपुर केवीके के वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप के अनुसार अगले तीन दिनों में बारिश की संभावना बनी हुई। मानसून सक्रिय है, जिसके कारण तीन दिनों तक तेज बारिश, बूंदाबांदी संभव है। हालांकि पहले मौसम विभाग ने सोमवार से भारी बारिश की चेतावनी दी थी, लेकिन सोमवार को आसमान में सिर्फ बादलों की आवाजाही ही रही। मंगलवार को बारिश हुई है। शिवरात्रि के दिन बादलों के बीच हल्की बारिश की संभावना है, जिससे मौसम तो सुहावना रहेगा लेकिन श्रद्धालुओं को सावधानी बरतने की जरूरत होगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि मौसम की स्थिति को देखते हुए अनावश्यक रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें और बारिश के दौरान सतर्कता बरतें।

### मौसम विभाग की एडवाइजरी

- ▶▶ खेतों से अतिरिक्त पानी तुरंत निकालें।
- ▶▶ बारिश के दौरान या ठीक बाद में सिंचाई, उर्वरक या रासायनिक छिड़काव न करें।
- ▶▶ खेतों में उचित जल निकासी की व्यवस्था बनाए रखें।

## चाकू से हमला करने के दोषी को चार साल कैद व 10 हजार जुर्माना

■ खुबड़ू गांव में सितंबर 2020 को हुई थी वारदात।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गन्नौर थाना क्षेत्र में चाकू से हमला कर घायल करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। एडीजे सरताज बसवाना की अदालत ने दोषी को चार साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। दोषी ने खुबड़ू के स्टेडियम में कहासुनी की रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया था।

खुबड़ू निवासी कृष्ण ने 10 सितंबर 2020 को गन्नौर पुलिस को बताया था कि उनके बेटे अजय 9 सितंबर, 2020 की देर शाम गांव के स्टेडियम में खेलने गए थे। वहां गांव के दीपक के साथ बेटे की कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद उनका बेटा घर आ गया था। जब वह अपने बेटे अजय व पत्नी जगवंती के साथ दीपक के घर पर उलाहना देने जा रहे थे तो उनके घर के पास पहुंचते ही दीपक व उसका साथी मिले व गाली-गलौज करना शुरू कर दिया था। बाद में दीपक ने उनके बेटे पर चाकू से वार कर दिया था। उस दौरान दीपक के साथी ने उनके बेटे को पकड़ रखा था। फिर हमलावर भाग गए थे। उसे पहले खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में हत्या की कोशिश की धारा जोड़ी गई थी। मामले में दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसका साथी नाबालिग मिला था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे सरताज बसवाना ने आरोपित दीपक को गैर इरादतन हत्या के प्रयास का दोषी मानते हुए दोषी को चार साल कैद व 10 हजार जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं भरने पर अतिरिक्त कैद काटनी होगी।

### तेज रफ्तार का कहर

## मेरठ रोड पर दो बाइकों में आमने सामने की टक्कर, 4 युवक घायल

**सोनीपत।** सोनीपत-मेरठ रोड पर गढ़ मीरकपुर गांव के पास रविवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में चार युवक घायल हो गए। बाइक सवार युवक हरिद्वार डाक कावड़ लेने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं और गढ़ मिर्कपुर के मोड़ पर एक-दूसरे से भिड़ गईं। जिसके बाद बाइक में आग लग गई। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। घायलों में अंकित नामक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।



■ कांवड़ लेने जा रहे थे हरिद्वार।

जिसे प्राथमिक उपचार के बाद खानपुर रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई। घायल को लेकर अस्पताल में आए युवक ने बताया कि सभी युवक कांवड़ यात्रा पर जा रहे थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ने मौके पर पहुंची व स्थिति का जायजा लिया। दमकल विभाग की गाड़ी को मौके पर बुलाकर बाइक में लगी आग को बुझाया। लेकिन तब तक बाइक ढांचे में तब्दील हो चुकी थी।

## जींद के दीपक ने डायल 112 पर दी लूट की झूठी सूचना

■ गाड़ी की किश्त भरने के लिए रची झूठी साजिश।

सोनीपत। कुंडली थाना में झूठी कॉल कर पुलिस को लूट की झूठी सूचना देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने जांच के बाद बीबीपुर निवासी दीपक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर सेठी मलिक ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी। जिसके बाद अपने स्टाफ व ईआरवी की टीम सहित तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की गई। पूछताछ के दौरान शिकायतकर्ता दीपक की बातों पर संदेह हुआ। पूछताछ में दीपक ने स्वीकार किया कि उसने पैसे छीनने की सूचना झूठी दी थी। उसने बताया कि उसकी गाड़ी की किस्तें बकाया थीं। जिसके लिए उसने गाड़ी मालिक मोहित से पैसे लेने की मंशा से झूठी कहानी बनाकर पुलिस व मालिक को बताई। दीपक द्वारा थाना कुंडली पुलिस को लिखत में माफी की शिकायत दी। गाड़ी मालिक मोहित निवासी नौगांव, झज्जर ने भी एक दरखास्त दी, जिसमें बताया गया कि ट्रांसपोर्ट कंपनी ने अभी तक कोई किराया नहीं दिया है व दीपक ने झूठी कॉल कर 52 हजार हड़पने का प्रयास किया। पुलिस की जांच में पाया गया कि पूर्व नियोजित झूठी सूचना से पुलिस को गुमराह किया। पुलिस ने दीपक के खिलाफ धारा 217 में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इंस्टाग्राम से दोस्ती, घूमने को बुलाकर छात्रा से दुष्कर्म

■ आईटीआई का छात्र है आरोपी हर्ष।

**सोनीपत।** शहर थाना के निजी स्कूल की छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवक ने पहले घूमने के लिए बुलाया। फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने छात्रा के पिता की शिकायत पर आरोपी आईटीआई के छात्र खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी शहर के निजी स्कूल में पढ़ती है। जिससे युवक ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती की। आरोपित गोहाना बाइपास के निकट रहने वाला हर्ष आईटीआई का छात्र है। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। दोनों इंस्टाग्राम पर बातचीत भी करने लगे। आरोप है कि पीड़िता सोमवार को स्कूल जाने के लिए निकली तो हर्ष उसे कॉलोनी के पास मिला। वह उसे घुमाने का झांसा देकर अपने घर पर ले गया। और डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता घर पहुंची तो मामले से परिजनों को अवगत कराया। परिजनों ने मामले की शिकायत शहर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वहीं थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित हर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश करेगी।

## खेत में गए व्यक्ति की संदिग्ध मौत खेत में काम करने गया था व्यक्ति

■ बेसुध हालत में मिला था 49 वर्षीय राजेश।

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में संदिग्ध हालत में व्यक्ति बेसुध हो गया। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां से उसे रोहतक रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव औरंगाबाद निवासी सचिन ने बताया कि उसका पिता राजेश (49) बहालगढ़ स्थित कंपनी में काम करता था। वह मंगलवार को खेतों की तरफ चला गया। जहां उनकी हालत खराब हो गई। परिजनों ने बताया कि खेत में मौजूदा समय में कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल किया हुआ था। जिसके चलते उनकी तबीयत खराब हो गई। उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जांच अधिकारी नरेश ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा-194 के तहत कार्यवाही अमल में लाई गई है। विसरा रिपोर्ट में मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### 26 व 27 जुलाई को दो सत्रों में होगी परीक्षा, 14 हजार परीक्षार्थी

# परीक्षा केंद्रों पर धारा 163, 26 को गैर कार्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में 26 व 27 जुलाई को आयोजित की जाने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा के सुचारु, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त के ये आदेश परीक्षा 26 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक तथा 27 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेंगे।

डीसी ने 26 जुलाई शनिवार को गैर कार्य दिवस घोषित किया गया है। सभी सरकारी, गैर सरकारी विद्यालय, कॉलेजो, विश्वविद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, मुखियाओं को निर्देश दिए गए कि जिन अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी सामान्य पात्रता परीक्षा में नहीं लगाई गई है, वे अधिकारी, कर्मचारी परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए परीक्षा केन्द्रो से संबंधित सरकारी, गैर सरकारी विद्यालय में प्रवेश नहीं करेंगे।

परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में आग्नेयास्त्र, तलवार, गंडासी, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू या अन्य किसी भी प्रकार के हथियार लेकर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही, परीक्षा केंद्रों के निकट मोबाइल फोन लेकर 5 या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने तथा वांछित व्यक्तियों के समूह में उपस्थित होने पर भी रोक लगाई गई है।




### फोटोस्टेट की दुकानें बंद

परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के क्षेत्र में फोटोकॉपी, जेरॉक्स, फैक्स इत्यादि की दुकानें संचालित करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों पर बाहरी हस्तेक्षप की रोकथाम, सार्वजनिक शान्ति एवं सौहार्द में व्यवधान उत्पन्न न हो इसलिए वहां हो रही गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के भी आदेश रहेगे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 233 के तहत दंडित किया जाएगा।

### 35 हजार युवा प्रभावित

कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट में हजारों युवाओं का भविष्य जुड़ा हुआ है। टेस्ट के लिये 35 हजार के करीब युवा इधर से उधर होंगे। 14 हजार से अधिक युवा तो अन्य जिलों से सोनीपत में टेस्ट देने के लिये पहुंचेंगे।

सोनीपत से 20 हजार से अधिक युवा कुरुक्षेत्र और गुरुग्राम में टेस्ट जाने के लिये जाएंगे। प्रारंभिक चरण में जो युवा सोनीपत से टेस्ट देने के लिये जाएंगें, उनके लिये विशेषतौर पर 500 से अधिक वाहनों की व्यवस्था की गई है, जिसमें 150 से अधिक रोडवेज की बसें भी शामिल हैं। वहीं जो युवा अन्य जिलों से टेस्ट देने के लिये आएंगें उनकी सुरक्षा से लेकर ठहरने की व्यवस्था का भी इंतजाम किया जा रहा है। परीक्षा के लिए जिले में कुल 58 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें करीब 14 हजार 586 अभ्यार्थियों सीईटी की परीक्षा देंगे।

## पैदल जा रहे किसान को टैंपू चालक ने मारी टक्कर, गंभीर

■ सूरी पेट्रोल पंप के पास हादसा, गांव सिलाना का रहने वाला था हादसे का शिकार हुआ रवि।

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र की सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार टैंपू चालक ने पैदल जा रहे किसान को चपेट में ले लिया। राहगीरों ने घायल को नागरिक अस्पताल में भिजवाया। चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में घायल का उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गांव सिलाना निवासी रवि खेतीबाड़ी का काम करता है। वह अपने किसी काम के लिए वेस्टराम नगर में जा रहा था। सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में तेज रफ्तार टैंपू ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गया। राहगीरों ने उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में घायल का उपचार चल रहा है।



# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

## लाइफ Style



# फातिमा
## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।

## हॉलीवुड मसाला





# अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



# वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



# स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'



# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।


## टीवी मसाला



# सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

# अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर



**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं। अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।

# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं।



इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

# सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

**इमरान खान** : सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन** : आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव** : साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान** : इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

## खबर संक्षेप



### कामरेड शिवदास घोष की याद में सभा 10 को

**सोनीपत।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट की ओर से पार्टी के संस्थापक कॉमरेड शिवदास घोष की याद में 10 अगस्त को छोटूराम धर्मशाला में राज्यस्तरीय एक सभा की जाएगी। जिसकी तैयारी में सोनीपत जिला कमेटी की मीटिंग हुई। मीटिंग में बताया गया कि कामरेड शिवदास ने आजादी आंदोलन के दौरान ही यह समझ लिया था कि अंग्रेज जाने वाला है और भारतीय पूंजीपति वर्ग को 15 अगस्त 1947 को समझौते से गद्दी सौंप दी गई।

### कल्पना चावला विद्यापीठ में कार्यक्रम का आयोजन

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में शिवरात्रि का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। मंच संचालन अध्यापिका प्रीति द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुंदरम् सदन द्वारा किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिवरात्रि पर गीत व कविता प्रस्तुत की बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया।

### स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी : डॉ. चक्रवर्ती

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्था द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में मंगलवार को हीमोग्लोबिन जांच शिविर आयोजित किया गया। विद्यार्थियों में हीमोग्लोबिन की जांच की गई। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की।नागरिक अस्पताल से मेडिकल ऑफिसर डॉ. चक्रवर्ती शर्मा ने कहा कि जीवन में स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

### हिंदू परिषद ने कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया

**सोनीपत।** गीता भवन चौक पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद सोनीपत के सभी कार्यकर्ताओं ने शिवरात्रि पर भगवान शंकर का अभिषेक करने के लिए हरिद्वार से कावड़ ला रहे सभी कावड़ियों का भव्य स्वागत किया। सावन के पवित्र महीने में सभी सनातनी हिंदू भक्त शिव को उन्हें प्रसन्न करने के लिए गंगा जल अर्पित करते हैं। कावड़ शिविर प्रारम्भ प्रातः 8 बजे किसान परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सैनी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

### वृक्ष हमारे जीवन का आधार : कंवल कुमार

**खरखौदा।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत हलालपुर गांव स्थित पानी की डिग्गी पर कार्यकर्ताओं द्वारा कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा शिविर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे श्रद्धालु कांवड़ियों के माध्यम से वृक्षारोपण कराया गया। इस पुनीत कार्य के अंतर्गत अमरूद व जामुन के पौधे लगाए गए। जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में हरियाली भी सुनिश्चित हुई।

### जिले की 12 आईटीआई में 4536 सीटों पर चल रही दाखिला प्रक्रिया

# तीसरी कट ऑफ में नाममात्र छात्रों के नाम, कैसे भरेंगी सीटें

**उदाहरण: सोनीपत आईटीआई, 18 ट्रेड में महज 136 विद्यार्थियों का ही नाम आया, आईटीआई में 31 ट्रेड, दो चरणों के बावजूद 76 प्रतिशत सीटें खाली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले भर की 12 आईटीआई में चल रही दाखिला प्रक्रिया का तीसरा चरण मंगलवार को तीसरी मेरिट लिस्ट के साथ शुरू हो गया है। मंगलवार को तीसरी मेरिट लिस्ट में केवल नाममात्र विद्यार्थियों को ही शामिल किया गया है। जिसकी वजह से आईटीआई में खाली सीटों को भर पाना मुश्किल ही दिखाई दे रहा है। क्योंकि अभी तक की स्थिति में जिले भर की आईटीआई में 76 प्रतिशत के करीब सीटें खाली हैं। मंगलवार को तीसरी मेरिट लिस्ट में सोनीपत आईटीआई में महज 18 ट्रेडस में 136 विद्यार्थियों को ही जगह मिल सकी है, जबकि 13 ट्रेडस में एक भी विद्यार्थी का नाम शामिल नहीं किया गया, जिससे तीसरी मेरिट लिस्ट में स्थान पाने की आस में बैठे युवाओं को निराशा ही मिली है।

जिले की 12 आइटीआइ में 4536 सीटों पर दाखिला प्रक्रिया चली हुई है। दो चरणों की दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भी सोनीपत आइटीआइ की 41 ट्रेडस की 1044 सीटों में से महज 251 सीटों पर ही दाखिले हुए हैं। तीसरी मेरिट लिस्ट में भी महज 136 विद्यार्थियों को ही शामिल किया गया है, ऐसे में अगर सभी विद्यार्थी भी दाखिला ले लें तो भी अधिकांश सीटें खाली रह जाएंगी। ऐसे में विद्यार्थियों और आइटीआइ प्रबंधन को चौथी मेरिट लिस्ट का इंतजार रहेगा। तीसरी मेरिट लिस्ट में शामिल किए गए विद्यार्थियों को दस्तावेजों की जांच और फीस जमा करने के लिए 27 जुलाई तक का समय दिया गया है।



**सोनीपत।** सोनीपत आईटीआई। फोटो : हरिभूमि

#### ये ट्रेड्स रह गई खाली

औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की तरफ से जारी की गई तीसरी मेरिट लिस्ट में 13 ट्रेड्स ऐसी रही, जिसमें किसी भी विद्यार्थी का नाम नहीं आया है। इसमें ड्रेस मेकिंग, जीयो इंफारमेटिक्स असिस्टेंट, ग्रीन हाइड्रोजन प्रोडक्शन तकनीशियन, लिथो आफसेट मशीन माइंडर, मशीनिस्ट ग्राइंडर ड्यूल, लिफ्ट एंड एक्केलेटर मैकेनिक, पेंटर जनरल ड्यूल, प्लंबर ड्यूल, शीट मेटल वर्कर, ड्यूल, स्टेनोग्राफर असिस्टेंट हिंदी ड्यूल, टूल एंड डाई मेकर, वेल्डर ड्यूल व वुड वर्क तकनीशियन शामिल हैं।

#### किस ट्रेड में कितने विद्यार्थियों का आया नाम

| ट्रेड | कुल सीट | शामिल विद्यार्थी |
|---|---|---|
| ड्राफ्ट्समैन, सिविल | 24 | 04 |
| ड्राफ्ट्समैन, मैकेनिकल | 40 | 06 |
| इलेक्ट्रीशियन, ड्यूल | 60 | 21 |
| इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, ड्यूल | 48 | 08 |
| फीटर, ड्यूल | 40 | 12 |
| मशीनिष्ट, ड्यूल | 60 | 03 |
| मोटर व्हीकल मैकेनिक | 48 | 11 |
| मैकेनिक डीजल, ड्यूल | 48 | 11 |
| प्लास्टिक प्रोसेसिंग आपरेटर, | 40 | 02 |
| प्लंबर | 24 | 04 |
| स्टेनोग्राफर असिस्टेंट, अंग्रेजी | 24 | 01 |
| स्टेनोग्राफर असिस्टेंट, हिंदी | 24 | 04 |
| टर्नर, ड्यूल | 40 | 01 |
| वेल्डर | 20 | 02 |
| वायरमैन | 40 | 14 |

#### 27 तक दस्तावेज का सत्यापन, फीस जमा होगी

आइटीआइ में तीसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है, जिसमें 136 विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है। विद्यार्थी 27 जुलाई तक दस्तावेजों का सत्यापन और फीस जमा करवाकर दाखिला ले सकते हैं। जिन विद्यार्थियों का तीसरी मेरिट लिस्ट में भी नाम नहीं आया है, वह निराश न हों और चौथी मेरिट लिस्ट का इंतजार करें।

विक्रम सिंह, प्राचार्य, आईटीआई, सोनीपत





**सोनीपत।** जिला सम्मेलन के दौरान उपस्थित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

## जनवादी महिला समिति की सरजावती जिला प्रधान और शीला बनीं सचिव

- अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का जिला सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता शीला बुटाना और जमीला ने की। मंच संचालन सरजावती एवं अनीता ने किया। सम्मेलन की शुरुआत में शोक प्रस्ताव रखा गया जिसमें पिछले तीन साल में हमारे से बिछड़े लोगों तथा संगठन की संस्थापक सदस्य कैप्टन लक्ष्मी सहगल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।

उद्घाटन प्रदेशाध्यक्ष सविता ने कहा कि इस समय देश चौतरफा संकट से गुजर रहा है। महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, आतंकवाद, अपराध आदि समस्याओं से जनता पीड़ित है। इन हालात में महिलाएं और छोटे बच्चे सबसे ज्यादा भुक्तभोगी हो रहे हैं। राशन डिपो पर मिलने वाले राशन में भी कटौती है। सरसों के दो लिटर तेल की कीमत 40 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दी है। शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं महंगी हो रही हैं। महिलाओं पर हिंसा और अपराध की स्थिति इतनी विकराल हो गई है कि छोटी बच्चियों को भी नहीं बक्शा जा रहा। बड़े-बड़े राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी महिलाओं के साथ यौन हिंसा के मामले में सम्मिलित पाए गए हैं परंतु बीजेपी सरकार उन पर कार्रवाइयों की बजाय उन्हें संरक्षण प्रदान कर रही है। इन मुद्दों से आम जनता का ध्यान भटकाने के लिए जाति व धर्म के नाम पर लोगों को बांटा जा रहा है। जिला सचिव सरजावती ने तीन साल की कार्य रिपोर्ट रखी। रिपोर्ट पर चर्चा में रीमा, अनीता, बबली, पार्वती, जोना, राजकुमारी, कृष्णा, मंजू, काजल, अंजू, फरीदा ने बातचीत रखी। रिपोर्ट को सर्वसम्मति से सभी ने पास किया। सम्मेलन में 12 सदस्यीय जिला कमेटी और 7 सदस्यीय सचिव मंडल का चुनाव किया गया। 3 सदस्यों को आमंत्रित रखा गया। सरजावती अध्यक्ष, शीला सचिव, अनीता कोषाध्यक्ष, पिंकी, अंजू उपाध्यक्ष, लक्ष्मी, रीमा सहसचिव चुनी गई। जमीला, बबली, पार्वती, जोना को सदस्य व काजल, राजकुमारी, कृष्णा को आमंत्रित सदस्य चुना गया। सम्मेलन का समापन करते हुए जिला अध्यक्ष सरजावती ने कहा कि बारिश के इस मौसम में जिला के गांवों व कॉलोनियों में पानी भरा रहता है।

## तिरंगा देश की एकता और अखंडता का प्रतीक : आर्य

- शहर में अंबेडकर चौक पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रोहतक-पानीपत मार्ग पर शहर के अंबेडकर चौक में मंगलवार को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा दिवस मनाया गया। समारोह में नागरिकों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को नमन करके उनके हमेशा उनकी आन-बान और शान को बनाए रखने का संकल्प लिया। समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य वक्ता समाजसेवी दलवीर आर्य ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत की एकता, अखंडता, त्याग, बलिदान और शांति का प्रतीक है। यह हमारे देश की आन-बान और शान है। वर्ष 1947 में 22 जुलाई के दिन ही संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अपनाया था। 19वीं शदी में भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था और स्वतंत्र राज्यों के शासक अलग-अलग झंडों का इस्तेमाल करते थे। मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कि यह दिवस हमें स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों की याद दिलाता है और उनके पद्चिहनों पर आगे बढऩे की प्रेरणा देता है। समारोह में अंबेडकर संघर्ष समिति के प्रदेश महासचिव रोहतास का मुख्य योगदान, भाग सिंह फौजी, सुरेश शर्मा, रमेश सैनी, सुरेश पंवार, अनिल बौद्ध, राजेंद्र पांचाल, सतनाम सिंह, प्रवीन सरोहा, अमर सिंह कश्यप, सरवर पांचाल, मास्टर हवा सिंह व मदन लाल अत्री विशेष रूप से मौजूद रहे।



**गोहाना।** राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में नारे लगाते हुए नागरिक।

*युवा कांवड़ सेवा समिति ने लगाया शिविर*

## शिवरात्रि पर शिविर में 33 नागरिकों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

युवा कांवड़ सेवा समिति द्वारा मंगलवार को गोहाना के देवीनगर स्थित शिव मंदिर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 3 महिलाओं समेत 33 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया।

रक्तदान शिविर की संयुक्त अध्यक्षता शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश गर्ग व युवा कांवड़ सेवा समिति के अध्यक्ष व चौ. देवीलाल चीनी मिल में सहायक क्रय अधिकारी अनिल वर्मा ने की। संयोजन संदीप कश्यप ने किया। सानिध्य पूर्व नगर पार्षद अशोक वर्मा का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में डॉ. उस्मान और उनके भतीजे मोहम्मद अली व प्रेम गिरधर ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। महिला रक्तदाताओं में सुरभि जैन, कमला और सोनम ने जबकि नियमित रक्तदाताओं में अनिल भट्टी, संदीप, जितेंद्र दहिया, अमरजीत, कुलदीप, प्रमोद खासा, आशीष और अमरजीत शामिल रहे।



**सोनीपत।** शिविर में रक्तदाताओं के साथ आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में शिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शेखपुरा रोड स्थित चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन श्रद्धा के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश की सुंदर झांकी प्रस्तुत की और पारंपरिक वेशभूषा में सजकर कार्यक्रम में चार चाँद लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव और उनके परिवार की पूजा-अर्चना से हुई। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। शिव तांडव, गणेश वंदना और शिव विवाह जैसे धार्मिक प्रसंगों को बच्चों ने बेहद खूबसूरती से मंचित किया, जिससे समस्त विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बन गया। विद्यालय प्रबंधक अजय यादव और प्रिंसिपल अरुण गौतम ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों से बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास व नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिवरात्रि पर्व के धार्मिक महत्व की जानकारी भी दी।



**गन्नौर।** कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए चाइल्ड केयर स्कूल के छात्र।

## स्टैनफोर्ड स्कूल में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया, छात्रों ने सुंदर नृत्य किया

**खरखौदा।** स्टैनफोर्ड स्कूल थाना खुर्द में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भगवान शिव की भक्ति, शक्ति और तपस्या को समर्पित था। कार्यक्रम की शुरुआत ॐ नमः शिवाय के मंत्रोच्चारण, शिव के महामृत्युंजय मंत्र और दीप प्रज्वलन से की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने भक्ति भाव से ओत-प्रोत नृत्य और भजन प्रस्तुत किए। शिवरात्रि के महत्व पर शिक्षकों द्वारा बताया गया कि यह दिन आत्मचिंतन, तपस्या और भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विद्यालय चेयरमैन उत्सव दहिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मशुद्धि और संयम का प्रतीक है।

हमें अपने जीवन में शिव के गुणों को आत्मसात करना चाहिए। स्कूल निर्देशिका पूजा उत्सव दहिया ने कहा कि छात्र इस तरह के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से अच्छे मार्ग की तरफ प्रेरित होते हैं। यह न केवल उनकी प्रतिभा को निखारता है, बल्कि संस्कारों को भी मजबूती देता है। प्राचार्य संजीत कुमार नैन ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कृति, परंपरा और नैतिक मूल्यों से छात्रों को आध्यात्मिक ज्ञान से परिचित कराना भी उतना ही आवश्यक है।

## परीक्षा में सिमरन ने 78.3 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में टॉप किया

**गोहाना।** जवाहरलाल नेहरू शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में अच्छे अंक लेकर अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के एमडी सुनील शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद द्वारा घोषित बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। परीक्षा में सिमरन पुत्री संजीव ने 78.3 प्रतिशत अंक लेकर महाविद्यालय को टॉप किया। छात्र तनुज पुत्र कृष्ण ने 78.2 प्रतिशत अंक लेकर महाविद्यालय में द्वितीय और मनीषा पुत्री जगदीश ने 77.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। शिक्षा महाविद्यालय के एमडी सुनील शर्मा ने कहा कि इन टॉप थ्री विद्यार्थियों ने बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में अच्छे अंक लेकर न केवल महाविद्यालय अपितु अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के दूसरे विद्यार्थी इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा के अनुसार इन तीनों विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई भी इसी विद्यालय से की है।



छात्रा सिमरन।



**गन्नौर।** संत विवेकानंद विद्यापीठ के छात्र कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।

## संत विवेकानंद विद्यापीठ में महाशिवरात्रि पर्व समारोह उल्लासपूर्वक संपन्न

**गन्नौर।** संत विवेकानंद विद्यापीठ, पुरखास में महाशिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने सांस्कृतिक प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। झलकियों में विद्यार्थियों द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती का वेश धारण कर प्रस्तुत की गई सुंदर झांकियां और नाट्य मंचन शामिल रहा। बच्चों ने शिव तांडव और पार्वती विवाह जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान शिव की महानता और उनके जीवन से जुड़ी कथाओं को जीवंत कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गुलिया ने विद्यार्थियों को महाशिवरात्रि के पौराणिक इतिहास, धार्मिक महत्व और भगवान शिव की उपासना के लाभों की जानकारी दी।

## गायत्री विद्यापीठ में शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया

**गन्नौर।** गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार में मंगलवार को शिवरात्रि का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, मनसा देवी, नंदी और अन्य शिव गण का रूप धारण किया। बच्चों ने शिव आराधना की और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या शकुंतला कौशिक ने बच्चों को सावन मास और शिवरात्रि के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति से जुड़ाव भी आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र कौशिक ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

## ब्राइट स्कॉलर स्कूल ने रनिंग ट्रॉफी जीती

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल टीम ने ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत में आयोजित अंतर-विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने भाषण कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। भाग लेने वाली 15 टीमों में से, हमारे छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनिंग ट्रॉफी जीती। यह उपलब्धि टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रभावी टीम वर्क का प्रमाण है।

प्रतियोगिता में ब्राइट स्कॉलर स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें मनस्विता को इंटरजेक्टर के रूप में प्रथम उपविजेता और अंशिका को सर्वश्रेष्ठ वक्ता श्रेणी में द्वितीय उपविजेता चुना गया। ये उपलब्धियां छात्रों की अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने, आलोचनात्मक रूप से सोचने और प्रभावशाली ढंग से संवाद करने की क्षमता को दर्शाती हैं। विद्यार्थियों के मंगलवार को विद्यालय पहुंचनें पर प्राचार्या किरण दलाल एवं अन्य स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया।



विद्यार्थियों एवं ट्राफी के साथ प्राचार्या, स्टाफ।

### जनस्वास्थ्य विभाग व नगरपालिका कोई ठोस कदम नहीं उठा रही

# लोगों के साथ पार्षद भी शिकायत करके परेशान, लालागढ़ी सड़क पर नहीं हो रहा जलभराव की समस्या का समाधान

- सड़क का लेवल नीचा होने के कारण बारिश के दिनों में पानी और अधिक भर जाता है
- उचित व्यवस्था कर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

लालागढ़ी रोड पर जलभराव की समस्या ने लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी परेशान कर रखा है। स्थानीय निवासी और पूर्व पार्षद लगातार शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद जनस्वास्थ्य विभाग व नगरपालिका कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। सड़क पर नालियों का दूषित पानी जमा होकर न केवल गंदगी फैला रहा है, बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी बड़ी समस्या बन गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नाले नहीं होने और सीवर की निकासी व्यवस्था जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है।

सड़क का लेवल नीचा होने के कारण बारिश के दिनों में यहां पानी और अधिक भर जाता है। इससे वाहनों का आवागमन प्रभावित होता है और पैदल चलने वालों को भी गंदे पानी में होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय निवासी अशोक सैनी ने कहा कि जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि कई बार नगरपालिका व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नालियों का निर्माण और सीवर निकासी की उचित व्यवस्था कर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।



**गन्नौर।** लालागढ़ी रोड पर भरे पानी से होकर गुजरते वाहन चालक।

#### अधिकारी झाड़ रहे पल्ला

पार्षद विकास शर्मा ने कहा कि बड़ी रोड पर जलभराव की समस्या को कई बार पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को बताया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। पहले सीवर की सफाई से अगले दिन पानी निकल जाता था, पर इस बार एक महीने से 'यादा समय हो गया। आगे की सीवर लाइन ब्लाक है और अधिकारी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। यहां से गुजरते सभी को परेशानी हो रही है।

# पुलिस के साए में बिक रहा यूरिया व डीएपी, अनाज मंडी में किसानों की लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेश में धान की फसल लगने का कार्य लगभग पूरा होने को है। फसल को बेहतर व अच्छी पैदावार लेने के लिए किसानों को फसल में खाद की आवश्यकता मौजूदा समय में है, लेकिन इस बीच किसानों को यूरिया खाद और डीएपी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि सोनीपत की नई अनाज मंडी में खाद वितरण के लिए पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी है। शहर के खरखौदा-रोहतक सड़क मार्ग पर स्थित मंडी परिसर में सोमवार सुबह से ही महिला और पुरुष किसानों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। किसान सुबह से खाद के इंतजार में खड़े रहे, लेकिन दोपहर तक भी अधिकतर किसानों को खाद नहीं मिल पाई। इस दौरान कई किसानों ने नाराजगी जताई कि वे खेतों में काम करने के बजाए खाद की लाइन में खड़े हैं। कई महिला किसानों ने बताया कि वे सुबह से भूखे-प्यासे लाइन में लगी हैं, लेकिन अब तक उन्हें खाद नहीं मिल पाया।


सोनीपत। खाद लेने के लिए लाइन में खड़े किसान।

### हालात ऐसे बने कि खाद विक्रेता को पुलिस बुलानी पड़ी

*सरकारी दुकान पर खाद विक्रेता सुनील ने डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद स्थिति को देखते हुए मंडी में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है ताकि अव्यवस्था और धक्का-मुक्की को रोका जा सके। पुलिस की निगरानी में नंबर के अनुसार खाद का वितरण किया जा रहा है।*

### नंबर से वितरित कर रहे



मौके पर पहुंचे पुलिस सब इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह ने बताया कि "हमें सूचना मिली थी कि यहां भीड़ बढ़ रही है, इसलिए हम स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आए हैं। खाद नंबर के आधार पर वितरित की जा रही है ताकि किसी को भी प्राथमिकता या भेदभाव का सामना न करना पड़े।

### प्रक्रिया सुचारू नहीं

गांव भटाना जाफराबाद निवासी किसान ने बताया कि खाद वितरण की प्रक्रिया सुचारू नहीं है और कर्मचारी अचानक बिना खाद दिए ही चले जाते हैं। इससे किसानों में गुस्सा और निराशा दोनों देखने को मिल रहे हैं। उनके गांव में स्थित केंद्र पर खाद नहीं पहुंच रही है। मौजूदा समय में उन्हें खाद की आवश्यकता है, लेकिन उन्हें नहीं मिल रही है। किसानों की मांग है कि सरकार जल्द से जल्द यूरिया और डीएपी की आपूर्ति सुनिश्चित करे ताकि उन्हें धान की फसल के लिए जरूरी पोषक तत्व समय पर मिल सकें। यही स्थिति रही, तो उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप



### कंबाइंड एन्वल ट्रेनिंग कैंप में जीते पदक

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) में आयोजित 12वीं हरियाणा एनसीसी बटालियन के कंबाइंड एन्वल ट्रेनिंग कैंप (सीएटीसी) में जीवीएम गर्ल्ज कालेज ने कैडेटों ने दमदार प्रदर्शन किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने एनसीसी की छात्राओं को बधाई देते हुए कालेज लौटने पर उनका अभिनंदन किया। जीवीएम की छात्राओं ने स्क्वायड ड्रिल में प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही जीवीएम की कैडेट निकिता ने डेक्लामेशन में रनर-अप की ट्रॉफी प्राप्त की।

### स्नातकोत्तर में दाखिले के लिए आवेदन 28 तक

**गोहाना।** स्नातकोत्तर प्रोग्राम के लिए नई शिक्षा नीति 2020 के तहत दाखिले को लेकर हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। गांव बड़ौता स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कोर्सों में दाखिले के लिए 28 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को आवेदन उच्चतर शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर जाकर करना होगा।

महाविद्यालय में एमए भूगोल की 60 सीटें, एमए अंग्रेजी की 60 सीटें, एमए हिंदी की 60 सीटं और एमए राजनीतिक शास्त्र की 20 सीटें हैं। इन सीटों पर दाखिले के लिए कोई भी पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकता है। प्राचार्य डॉ. अनिल ग्रोवर के अनुसार दाखिले की मेरिट सूची 31 जुलाई को जारी होगी।

### रोबिन मलिक को बनाया प्रदेश उपाध्यक्ष

**सोनीपत।** आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन, एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) ने हरियाणा में रोबिन मलिक को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले वे रोहतक जिले के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं।


रोबिन मलिक

यह नियुक्ति दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता द्वारा की गई है।

रोबिन मलिक हरियाणा के जिला सोनीपत के बावली गांव से हैं और वर्तमान में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से विधि स्नातकोत्तर (एलएलएम) के अंतिम वर्ष के छात्र हैं। वे लंबे समय से छात्र राजनीति से जुड़े हुए हैं और विद्यार्थियों से संबंधित मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रहे हैं।

# नगर निगम की एडहॉक कमेटियों का पुनर्गठन किया, अब विकास कार्यों को और रफ्तार मिलेगी

## मेयर राजीव जैन की अगुवाई में सभी समितियों को अंतिम रूप, पार्षदों के बीच संतुलित जिम्मेदारी का बंटवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम सोनीपत के वर्तमान कार्यकाल का समापन इस वर्ष दिसंबर में होने जा रहा है। कार्यकाल के अंतिम चरण में विकास कार्यों को गति देने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए नगर निगम की विभिन्न एडहॉक कमेटियों का पुनर्गठन किया गया है। मेयर राजीव जैन ने 8 जुलाई को पार्षदों के साथ बैठक कर इन समितियों को अंतिम रूप दिया।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व पहली बार एडहॉक कमेटियों का गठन तत्कालीन मेयर निखिल मदान के कार्यकाल में किया गया था। अब उपचुनाव के बाद नए सिरे से इन समितियों का पुनर्गठन किया गया है, जिससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होगी बल्कि सभी पार्षदों को प्रतिनिधित्व और जिम्मेदारी भी मिलेगी। मेयर राजीव जैन ने बताया कि निगम एक्ट के अनुसार निगम हाउस के बाद सबसे बड़ी शक्ति एडहॉक कमेटियों के पास होती है। इन समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों का पालन निगम अधिकारियों के लिए अनिवार्य होता है।

### हर तरह के कार्य के लिए इन एडहॉक कमेटियों का किया गया गठन

**पेयजल एवं सीवरेज डिस्पोजल कमेटी**
**चेयरमैन:** हरिप्रकाश सैनी
**वाइस चेयरमैन:** नवीन कुमार
**सदस्य:** मुकेश सैनी, ममता लूथरा

**विजिलेंस कमेटी**
**चेयरमैन:** ममता लूथरा
**वाइस चेयरमैन:** लक्ष्मी नारायण
**सदस्य:** सूर्या दहिया, इंदू वलेचा

**अकाउंट्स एवं ऑडिट**
**चेयरमैन:** बिजेंद्र मलिक
**वाइस चेयरमैन:** अतुल जैन
**सदस्य:** इंदू वलेचा, हरिप्रकाश सैनी

**योजना सुधार व संसाधन**
**चेयरमैन:** मुनीराम
**वाइस चेयरमैन:** संगीता सैनी
**सदस्य:** मोनिका नागर, सुरेंद्र मदान

**सुंदरीकरण, सफाई व जनस्वास्थ्य कमेटी**
**चेयरमैन:** अतुल जैन
**वाइस चेयरमैन:** इंदू वलेचा
**सदस्य:** नीतू दहिया, बिजेंद्र मलिक

**पारदर्शी प्रशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी पार्षदों को समितियों में शामिल किया**



नगर निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में सभी समितियों की घोषणा की गई, जिसमें पार्षदों ने सर्वसम्मति से पुनर्गठन को स्वीकार किया। नगर निगम का प्रयास रहेगा कि वर्ष के अंत तक सभी लंबित कार्यों को पूरा कर शहर को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। पारदर्शी प्रशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी पार्षदों को समितियों में शामिल किया गया है ताकि निगम की कार्यप्रणाली सशक्त हो और विकास योजनाओं को समय पर अमल में लाया जा सके। - राजीव जैन, मेयर, नगर निगम, सोनीपत

**विस्तार एवं रोकथाम अग्निशमन समिति**
**चेयरमैन:** सूर्या दहिया
**वाइस चेयरमैन:** हरिप्रकाश सैनी
**सदस्य:** बबीता कौशिक, नीतू दहिया

**मार्केट, स्लॉटर हाउस ट्रेडर्स कमेटी**
**चेयरमैन:** मोनिका नागर
**वाइस चेयरमैन:** नवीन कुमार
**सदस्य:** ममता लूथरा, नीतू दहिया

**निगम द्वारा कोई अतिरिक्त समिति गठित होती है तो**
रेनू कपूर को चेयरमैन, नीतू दहिया को वाइस चेयरमैन और अतुल जैन, नवीन कुमार को सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

**करों और शुल्कों का आकलन कमेटी**
**चेयरमैन:** मुकेश सैनी
**वाइस चेयरमैन:** बबीता कौशिक
**सदस्य:** मुनीराम, हरिप्रकाश सैनी

**कार्यन्वयन कमेटी**
**चेयरमैन:** लक्ष्मी नारायण तनेजा
**वाइस चेयरमैन:** संगीता सैनी
**सदस्य:** रेनू कपूर, पुनीत राई

**शिक्षा, सामाजिक कल्याण**
**चेयरमैन:** बबीता कौशिक
**वाइस चेयरमैन:** पुनीत राई
**सदस्य:** रेनू कपूर, मोनिका नागर

**ग्रामीण एवं मलिन बस्ती विकास कमेटी**
**चेयरमैन:** इंदू वलेचा
**वाइस चेयरमैन:** सूर्या दहिया
**सदस्य:** सुरेंद्र नैय्यर, मुकेश सैनी

**भवन विनियमन**
**चेयरमैन:** पुनीत राई
**वाइस चेयरमैन:** इंदू वलेचा
**सदस्य:** संगीता सैनी, अतुल जैन

# व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी का स्वागत करके अतिक्रमण पर चर्चा की


गन्नौर। व्यापार मंडल के पदाधिकारी थाना प्रभारी धीरज का सम्मान करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

व्यापार मंडल गन्नौर के पदाधिकारियों ने मंगलवार को थाना प्रभारी गन्नौर धीरज कुमार से मुलाकात कर गन्नौर थाना का कार्यभार ग्रहण करने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों से अवगत होने के बाद कहा कि व्यापार मंडल का शहर की व्यवस्था को सुधारने में पूरा सहयोग होता है। उनकी सभी व्यापारियों से अपील है कि वे शहर के सबसे व्यस्त रेलवे रोड पर होने वाले अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए जो दुकानदार दुकानों के आगे सामान रखते है। उन्होंने समझाकर अतिक्रमण से मुक्त करवाए। अतिक्रमण शहर में किसी भी सुरत में सहन नही किया जाएगा। शहर में चोरी की घटना, अतिक्रमण का समाधान व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। व्यापार मंडल गन्नौर प्रधान संदीप सिंघल ने बताया कि व्यापार मंडल की तरफ से सभी दुकानदारों से अपील कर रखी है कि वे अतिक्रमण करते है तो व्यापार मंडल उनका सहयोग नही करेगा। इसलिए प्रशासन का सहयोग करे। इस मौके पर महासचिव राजकुमार अग्रवाल, सलाहकार भूषण हसीजा, शहीद भगत सिंह मार्केट सचिव सुरेंद्र खुराना, मोहित सैनी, पुरानी सुनील जैन,अजय मित्तल, जगदीश जैन,सचिव अमरीश त्यागी, दीपक,शालू राय, संजय गुप्ता, गौरव जैन, राजेंदर लाठर,रमेश मुखीजा आदि मौजूद रहे।

# त्योहारों को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ मनाएं : इंदुबाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। गांव धनाना के मंदिर में कावड़ियों का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

शिवरात्रि पर्व को लेकर शिवभक्तों में खुशी की लहर है। शिवलिंग का जलाभिषेक करने के लिए अनेक शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ों में गंगाजल लेकर आए हैं। शिवालयों सजा दिए गए हैं। इस क्रम में गांव धनाना स्थित सिद्ध पीठ शिव मंदिर को भी नई नवेली दुल्हन की तरह सजाया गया है। मंदिर में हर वर्ष की भांति आज विशाल मेला भी लगेगा।

गांव धनाना के प्राचीन शिव मंदिर में हरिद्वार से कांवड़ लेकर पहुंची पंचायत समिति कथूरा की उप चेयरपर्सन इंदुबाला ने कहा कि हमारे पर्व हमारी पुरातन संस्कृति के प्रतीक हैं। अपनी सांस्कृति छवि को ठेस न पहुंचने दें और अपने त्योहारों को आडम्बर रहित सांस्कृतिक मूल्यों के साथ मनाएं। मंदिर में मीना, लक्ष्मी और मीनू सहित भारी तादाद में श्रद्धालु हरिद्वार से कांवड़ लेकर पहुंचे। मंदिर में सेठ घनश्याम तायल, पुजारी राजेश शास्त्री, रमेश शर्मा, डॉ. राममेहर राठी, बिजेंद्र शास्त्री, पं. काला, सतीश ढुल, राकेश वर्मा, श्यामवेद शर्मा, मोहित व कर्मजीत ने कांवडिय़ों का स्वागत किया और समाज में सुख-समृद्धि की कामना की।

### 101 लीटर गंगाजल की कांवड़ लाए, स्वागत



**सोनीपत।** हरिद्वार के गोमुख से 101 लीटर गंगाजल की कांवड़ ला रहे कावड़ियों का मंगलवार को सोनीपत पहुंचनें पर स्वागत किया गया। भोले बाबा आश्रम प्रमुख सुनील बैरागी के नेतृत्व में कावड़िये चिराग चावला का स्वागत किया गया। सुनील बैरागी ने बताया कि हर साल चिराग कावड़ लाते हैं, इस बार भी ला रहे हैं, जोकि उनकी भगवान के प्रति श्रद्धा को दर्शाता है।

# एड मैड शो में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में एड मैड शोग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से तीसरी के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रचनात्मक प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के लिए स्वयं बनाए गए विज्ञापनों का मंचन किया। छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति, अभिनय कौशल और प्रस्तुति शैली से सभी को प्रभावित किया। कक्षा पहली से अन्विका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ,शनाया द्वितीय व अहाना और हंसिका तीसरे स्थान पर रही। वही कक्षा दूसरी से रिहान ने प्रथम, कृतज्ञ व रियांश ने द्वितीय हदान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरी कक्षा से वानिज ने प्रथम, मिहुल ने द्वितीय, आहना और जीवांश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता व समन्विका नेहा सिंधु ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। व्यवस्था शिक्षकों ने संभाली।


गन्नौर। प्रतियोगिता के विजेता छात्रों के साथ शिक्षक।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


## प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

# खिलाड़ियों ने स्टेट पेंचक सिलाट और फेडरेशन कप में जीते 46 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने 13 वीं हरियाणा स्टेट पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप और फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 46 पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता का लोहा मनवाया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिताएँ हाल ही में हिसार में आयोजित की गई। प्रताप स्कूल ने स्टेट चैम्पियनशिप में 7 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 14 पदक, जबकि फेडरेशन कप में 21 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 32 पदक अर्जित किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, सोमबीर आर्य, कोच जगमेन्द्र पांचाल व अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में आयोजित की गईं। स्टेट चैम्पियनशिप में जूनियर वर्ग के स्वर्ण पदक विजेता अब राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। डॉ. सुबोध दहिया ने कहा, इन पदकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत, समर्पण और उचित मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। ये खिलाड़ी अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेंगे। कोच जगमेन्द्र पांचाल ने कहा कि स्टेट चैम्पियनशिप में हर्षित, निखिल डबास, वंशु डबास, अनिकेत, गौतम, दिवस, सन्नी ने स्वर्ण, आदित्य, लक्ष्य दहिया, शुभम, दिपांशु शर्मा, जयेश ने रजत पदक, अतीक ने कांस्य पदक, फेडरेशन कप में - हितेश, अमल, दिव्यांक, दिलजीत, आशीष, हर्षित, कार्तिक, तन्मय, मानविक, यमन, प्रतीक, लोकेश, निखिल, वंश, आदित्य, लक्ष्य, शुभम ने स्वर्ण पदक, तविश, जयेश, हर्षित, पुलकित ने रजत पदक, अजान, यश, समीक्ष, अतीक ने कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने अपनी इस शानदार जीत का श्रेय अपने माता-पिता, कोच और विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया है।


खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन व प्रशिक्षक।

# कराटे चैंपियनशिप में दो स्वर्ण सहित चार पदक जीते



गोहाना। स्कूल के पदक विजेता बाल खिलाड़ी अपने गुरुजनों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के बाल खिलाडिय़ों ने 2 स्वर्ण सहित चार पदक हासिल किए। खिलाडिय़ों द्वारा पदक जीतने पर पूरे स्कूल में खुशी छा गई। मंगलवार को स्कूल के एमडी अनिल मलिक और प्राचार्या उषा कौशिक ने विजेताओं को पदक प्रदान करके सम्मानित किया।

19 व 20 जुलाई को बाल भारती स्कूल, गोहाना में दो दिवसीय 12वीं जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप: 2025-26 आयोजित की गई। चैंपियनशिप में ईश्वर इंटरनेशल स्कूल के पहली कक्षा के विद्यार्थी रिजूल और पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी शौर्य ने स्वर्ण पदक जबकि कक्षा तीसरी के विद्यार्थी गर्वित और कक्षा पांचवीं के विद्यार्थी हनी ने रजत पदक अपने नाम किए। एमडी अनिल मलिक ने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़ चढक़र हिस्सा लें। शिक्षा और खेलों के समन्वय से विद्यार्थियों का शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है।